दिनांक 25 मई 2019

प्लास्टिक के वेस्ट मटेरियल से तैयार किया जा रहा है पेवर ब्लॉक/चेकर टाइल्स

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर स्वच्छता की दिशा में एक और कदम बढ़ाया गया है जोन क्रमांक 3 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पुराना शराब भट्टी, डॉग हाउस स्थल पर पॉलिथीन वेस्ट मटेरियल का उपयोग करते हुए चेकर टाइल्स/पेवर ब्लॉक का निर्माण किया जा रहा है! इस टाइल्स की खासियत यह है कि यह बहुत मजबूत होता है क्योंकि यह पॉलीथिन से बना होता है, पॉलीथिन के छोटे-छोटे टुकड़े करके मशीन में डाल दिया जाता है जिससे मशीन पॉलीथिन को गर्म कर एक सांचा नुमा ढांचा के सहारे चेकर टाइल्स/पेवर ब्लॉक में परिवर्तित कर देता है, लगभग दो लाख की लागत से बने हुए इस मशीन की खासियत यह भी है कि इसमें तीन से चार प्रकार के सांचे का उपयोग किया जा सकता है जोकि चेकर टाइल्स/पेवर ब्लॉक को उपयोग करने के आधार पर अलग अलग आकृति प्रदान करता है! रूआबांधा एवं खुर्सीपार क्षेत्र के एस. एल. आर. एम. सेंटरों में बेलिंग मशीन लगाई गई है जोकि बिखरे हुए पॉलीथिन को एक बंडल में परिवर्तित कर लेता है जिससे पॉलीथिन के बंडल को परिवहन आदि में परेशानी नहीं होती है एवं रीसाइक्लिंग करने के लिए उपयोग किया जा सकता है अब इसका उपयोग पॉलिथीन को छोटे-छोटे टुकड़े में परिवर्तित करके चेकर टाइल्स/पेवर ब्लॉक बनाने में किया जा सकता है!

वेस्ट मटेरियल से तैयार चेकर टाइल्स एवं पेवर ब्लॉक का उपयोग उद्यानों में , शौचालयों में, एवं विभिन्न निर्माण सामग्री के रूप में आदि में किया जा सकता है !

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''